Report 2012-13

The Sanskrit department of Kamala Nehru College has been a very active department, organizing various seminars and activities for students. The department organized Saraswati puja on the account of Vasant Panchami on 28th January 2012.

The department held many competitions for the students of Sanskrit, who actively participated in the events. A Sanskrit prose reading competition was held on 16th February 2012. Also an inter college Shlokavriti and Sanskrit Quiz competition was organized on 21st March. The Sanskrit prize distribution ceremony was held on 24th April 2012.

The department of Sanskrit on 16th August 2012 held a Sanskrit Parishad ka Shubharambh evam Shlokavriti competition. Following this, a Prose reading competition was held on 12th September 2012. It has also planned to organize an inter-college Sanskrit Qawalli Competition with the Sanskrit Academy on 20th February 2013. Also a one-day UGC sponsored seminar will be held in the month of March 2013.

<u>संस्कृत विभाग</u>

संस्कृत-परिषद् ने 20 फरवरी 2013 को अन्तर्महाविद्यालय काव्याली प्रतियोगिता का आयोजन, संस्कृत अकादमी के तत्त्वाधान में किया, जिसमें 10 महाविद्यालयों के प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार दौलत रामकॉलेज, द्वितीय पुरस्कार कमला नेहरू कॉलेज तथा तृतीय पुरस्कार हिन्दू कॉलेज ने प्राप्त किया।

21 मार्च 2013 को संस्कृत परिषद् द्वारा 'नाट्यशास्त्र: आधुनिक परिप्रेक्ष्यमें' विषय पर यू.जी.सी. द्वारा अनुमोदित एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक आमंत्रित थे। बीजभाषण प्रो. देवेन्द्र मिश्र (पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा दिया गया। वक्ता के रूप में प्रो. दीप्ति त्रिपाठी (निर्देशक, पाण्डुलिपि विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली), श्री उमेश शर्मा (पूर्व डी.आई.जी., सी.बी.आई.) तथा श्री राजेश तिवारी (रचनात्मक निर्देशक, ड्रेमेको आर्ट्स इंडिया, मुम्बई) थे।

26 अप्रैल 2013 को विभाग की ओर से संस्कृत परिषद् का समापन समारोह संपन्न किया गया, जिसमें छात्राओं को पुरस्कार वितरण के साथ-साथ एक वक्तव्य का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली के एसोसिएट प्रो. ज्ञानधर पाठक थे। इन्होंने संस्कृत-भाषा के प्रचार-प्रसार को मुख्य विषय बनाकर सारगर्भित वक्तव्य द्वारा छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया।

1 अगस्त 2013 को परिषद् के प्रत्याशियों का चुनाव तीनों वर्षों की छात्राओं द्वारा किया गया, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष आदि का चुनाव किया गया।

4 सितम्बर 2013 को संस्कृत परिषद् का शुभारम्भ तथा श्लोकावृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन अन्तःमहाविद्यालय स्तर पर किया गया।